Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली-110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAWAN, NEW DELHI-110001
FAX : 011-23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

फा.सं.सी-28/2012-एमपीलैड्स

Dated 10.10.2013

सेवा में,

1. आयुक्त,
कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली नगर निगम
2. सभी जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषय:- सुविधा केन्द्रों के माध्यम से सूचना ।

महोदय/महोदया,

1. सुविधा केन्द्रों के सृजन का उद्देश्य आंकड़ों को कम्प्यूटरीकृत करना तथा माननीय संसद सदस्यों को जब कभी आवश्यक हो, संबद्ध सूचना तत्काल उपलब्ध कराना है ।

2. जिला प्राधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सुविधा केन्द्र संसद सदस्यों को सभी संगत अद्यतन सूचना आसानी से उपलब्ध कराएं ।

3. सुविधा केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सूचना में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हों:-

(i) कार्यों का ब्यौरा:

(क) संसद सदस्य द्वारा अनुशंसित
(ख) जांच हेतु लंबित
(ग) अनुपयुक्त पाए गए तथा अस्वीकार किए गए
(घ) लंबित संस्वीकृति, कारणों सहित

(ii) कार्यों की वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति सहित कार्यान्वित किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा ।

(iii) कार्यों पर वहन किए गए कुल व्यय सहित पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा ।

(iv) नवीनतम मासिक प्रगति रिपोर्ट ।

4. इसके अलावा, सुविधा केन्द्र निम्नलिखित का भी अनुरक्षण करेंगे:

- एमपीलैड्स दिशानिर्देश
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र ।
- निर्देशात्मक एवं उदाहरण-स्वरूप परियोजनाओं की सूची ।

5. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

भवदीय,

डी० साईबाबा 10/10/13

(डी. साईबाबा)
निदेशक (एमपीलैड्स)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. सभी माननीय संसद सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा) ।
2. एमपीलैड्स से संबंधित नोडल विभागों के सचिव (सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र) ।
3. एमपीलैड्स संबंधी राज्य सभा समिति, राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
4. एमपीलैड्स संबंधी लोक सभा समिति, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. एमपीलैड्स प्रभाग में सभी संबंधित अधिकारी ।
6. एनआईसी को इस अनुरोध के साथ कि इसे एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करें ।